आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.12.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- रेडियो कार्यक्रम मन की बात की एक सौ उनतीसवीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने विचार साझा करेंगे।
- केन्द्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा मनरेगा में महात्मा का नाम केवल चुनाव के लिए शामिल किया गया था।
- पांच दिवसीय द्वीप पर्यटन महोत्सव की शानदार शुरुआत हुई। यह महोत्सव चौदह स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में अगले चार दिनों तक तूफानी मौसम रहने की आशंका। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों से किया जाएगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कल भी इस बैठक की अध्यक्षता की थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने शासन और सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं पर निरंतर वार्ता के जरिए केंद्र– राज्य भागीदारी को मजबूत करना है। यह सम्मेलन सहयोगपूर्ण संघवाद की प्रधानमंत्री की दृष्टि के अनुरूप है। यह एक ऐसा मंच है जहां केंद्र और राज्य देश की मानव पूंजी क्षमता को अधिकाधिक बढ़ाने और समावेशी तथा भविष्य के अनुरूप आर्थिक वृद्धि के लिए मिलकर रूपरेखा निर्धारित करते हैं।

सम्मेलन का विषय – विकसित भारत के लिए मानव पूंजी है। इसमें राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम कार्यशैलियों को साझा किया जा रहा है। सम्मेलन में पांच मुख्य क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा हो रही है। इनमें बाल शिक्षा, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल और पाठ्योतर गतिविधियां शामिल हैं।

<><><><><><>

सम्मेलन में छह विशेष सत्र रखे गए हैं। इनमें राज्यों का विनियमन, शासन में तकनीक का इस्तेमाल, जोखिम और शमन, स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संपर्क के लिए एग्रीस्टैक, एक राज्य – एक विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तथा वामपंथी उग्रवाद के बाद के भविष्य की कार्यनीति जैसे विषय शामिल हैं।

<><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 में महात्मा गांधी का नाम केवल चुनावी लाभ के लिए शामिल किया था। कल भोपाल में संवाददाताओं से श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बार–बार मनरेगा का बजट कम किया था। श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत यूपीए सरकार ने केवल दो लाख तेरह हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे जबकि नरेंद्र मोदी सरकार ने 8 लाख तिरपन्न हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त काम सुनिश्चित करने के लिए एक लाख इक्यावन हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा का बजट आवंटित किया गया है। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत के लिए गांवों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, सभी विकास कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार मिलने की गारंटी वाले दिनों की संख्या एक सौ से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दी गई है।

<><><><><><>

भारत में कट्टरपंथी विचारधारा के प्रसार के लिए आतंकी संगठन अल–कायदा अफगानिस्तान स्थित सर्वरों और नियंत्रण केंद्रों का इस्तेमाल कर रहा है। आतंकी संगठन से संबंधों के आरोप में गिरफ्तार जुबैर हंगरगेकर से महाराष्ट्र आतंकवाद–रोधी दस्ते (ए.टी.एस.) की पूछताछ के दौरान ये तथ्य उजागर हुआ। आरोपी से जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से पता चला कि वह अफगानिस्तान और हांगकांग में पंजीकृत कई ऑनलाइन पहचान का इस्तेमाल कर रहा था। पाकिस्तान, सऊदी अरब, कुवैत और ओमान से जुड़े संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

<><><><><><>

बहुप्रतीक्षित द्वीप पर्यटन महोत्सव का आईटीएफ ग्राउंड में कल रंगारंग शुभारम्भ हुआ। पाँच दिवसीय इस सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग तथा अन्य विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीपों की समृद्ध एवं विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। महोत्सव का उद्‌घाटन सांसद बिष्णु पद रे ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने, द्वीपों को डीज़ल–मुक्त बनाने तथा पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर सिस्टम अपनाने का आह्वान किया। सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक विनायक चमाड़िया ने बताया कि महोत्सव के दौरान मुख्यभूमि तथा द्वीपों के कलाकार अंडमान निकोबार द्वीप समूह के चौदह विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। ये कार्यक्रम राजधानी श्री विजयपुरम के साथ–साथ मरीना एक्सप्लानेड, वंडूर, विम्बर्लीगंज, शहीद द्वीप, स्वराज द्वीप, हटबे, बाराटांग, रंगत, मायाबन्दर, डिगलीपुर, कैम्पबेल बे, ननकौड़ी और कार निकोबार में आयोजित किए जाएंगे। उद्‌घाटन कार्यक्रम में गणेश वंदना, निकोबारी नृत्य, कथक, रास सहित जम्मू–कश्मीर, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, गुजरात एवं छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><>

महोत्सव में सरकारी विभागों के स्टॉल, स्वयं सहायता समूह के हस्तशिल्प, फूड कोर्ट तथा बच्चों के खेल आकर्षण का केंद्र हैं। आम जनता द्वीप पर्यटन महोत्सव का शाम साढ़े पांच बजे से रात्रि दस बजे तक आनन्द उठा सकते है। उद्‌घाटन अवसर पर दक्षिण अंडमान के उपायुक्त अर्जुन शर्मा, ज़िला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष शाहुल हमीद सहित वरिष्ठ अधिकारी, पर्यटन हितधारक, बड़ी संख्या में द्वीपवासी तथा पर्यटक उपस्थित थे।

<><><><><><>

द्वीप समूह में कल कुछ क्षेत्रों में वर्षा हुई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आज से इकतीस दिसम्बर तक एक–दो स्थानों पर आंधी–तूफ़ान के साथ तूफानी हवाएँ चलने और तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने की आशंका है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एथलेटिक्स संघ द्वारा ज़िला एवं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स – ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मध्योत्तर अंडमान ज़िला चैंपियनशिप और कार निकोबार

ज़िला चैंपियनशिप 4 और 5 जनवरी को आयोजित होगी, जिसके लिए प्रविष्टि की अंतिम तिथि 3 जनवरी निर्धारित की गई है। इसी तरह दक्षिण अंडमान ज़िला चैंपियनशिप 8 और 9 जनवरी को आयोजित की जाएगी, जिसके लिए प्रविष्टियाँ 5 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। इसके अलावा राज्य ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 10 और 11 जनवरी को किया जाएगा, जिसकी प्रविष्टि तिथि 5 जनवरी है। संघ ने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे अपनी प्रविष्टियाँ केवल ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से समय पर भेजें। प्रत्येक ज़िला एवं राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए अलग–अलग ऑनलाइन लिंक उपलब्ध कराए गए है।

**<><><><><><><>**